# अध्याय - 7 | मानव स्वास्थ्य और रोग

## QUIZ PART-02

1. **प्लेग रोग का कारक जीवाणु कौन है?**
   A. क्लॉस्ट्रिडियम टिटानी
   B. माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस
   C. यर्सिनिया पेस्टिस
   D. साल्मोनेला टाइफी (C)

*व्याख्या :* प्लेग रोग यर्सिनिया पेस्टिस नामक जीवाणु के कारण होता है, जो संक्रमित चूहों और पिस्सुओं के माध्यम से फैलता है।

2. **प्लेग रोग का अन्य नाम क्या है?**
   A. ब्लैक डेथ
   B. ब्लू फीवर
   C. लॉक जॉ
   D. टिटनेस (A)

*व्याख्या :* प्लेग को "ब्लैक डेथ" कहा जाता है क्योंकि इस रोग में त्वचा का रंग काला पड़ जाता है और यह अत्यंत घातक होता है।

3. **डिफ्थीरिया (Diphtheria) रोग का रोगकारक कौन है?**
   A. कोरोनेबैक्टीरियम डिफ्थीरिए
   B. स्ट्रेप्टोकोकस न्यूमोनिए
   C. क्लॉस्ट्रिडियम टिटानी
   D. ई. कोलाई (A)

*व्याख्या :* डिफ्थीरिया रोग कोरोनेबैक्टीरियम डिफ्थीरिए नामक जीवाणु से होता है, जो गले के श्लेष्म झिल्ली को प्रभावित करता है।

4. **डिफ्थीरिया के लिए कौन-सा टीका लगाया जाता है?**
   A. BCG
   B. DPT
   C. MMR
   D. OPV (B)

*व्याख्या :* DPT टीका बच्चों को डिफ्थीरिया, परट्यूसिस (काली खाँसी) और टिटनेस से सुरक्षा प्रदान करता है।

5. **डिसेंट्री (पेचिश) किसके कारण होती है?**
   A. ई. कोलाई और साल्मोनेला
   B. हेमोफिलस इंफ्लुएंसी
   C. स्ट्रेप्टोकोकस
   D. क्लॉस्ट्रिडियम (A)

*व्याख्या :* पेचिश साल्मोनेला, शिगेला और ई. कोलाई जैसे जीवाणुओं से होती है, जो दूषित जल और भोजन से फैलते हैं।

6. **टिटनेस रोग का कारण कौन है?**
   A. क्लॉस्ट्रिडियम टिटानी
   B. माइकोबैक्टीरियम
   C. शिगेला
   D. नाइसेरिया (A)

*व्याख्या :* टिटनेस रोग क्लॉस्ट्रिडियम टिटानी नामक जीवाणु से होता है, जो घावों के माध्यम से शरीर में प्रवेश करता है और तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करता है।

7. **टिटनेस का अन्य नाम क्या है?**
   A. ब्लैक डेथ
   B. लॉक जॉ
   C. लेप्रोसी
   D. उपदंश (B)

*व्याख्या :* टिटनेस को "लॉक जॉ" या "धनुष्टंकार" भी कहा जाता है क्योंकि इस रोग में जबड़ा जकड़ जाता है और शरीर में ऐंठन होती है।

8. **क्षय रोग (टी.बी.) का रोगकारक कौन है?**
   A. माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस
   B. साल्मोनेला टाइफी
   C. यर्सिनिया पेस्टिस
   D. क्लॉस्ट्रिडियम (A)

*व्याख्या :* टी.बी. माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक जीवाणु से होती है, जो वायु के माध्यम से फैलता है और मुख्य रुप से फेफड़ों को प्रभावित करता है।

9. **टी.बी. रोग से बचाव के लिए कौन-सा टीका लगाया जाता है?**
   A. DPT
   B. BCG
   C. OPV
   D. MMR (B)

*व्याख्या :* टी.बी. से बचाव के लिए नवजात शिशुओं को BCG टीका लगाया जाता है, जो शरीर में प्रतिरक्षा विकसित करता है।

10. **गोनोरिया (सुजाक) रोग कैसे फैलता है?**
   A. हवा द्वारा
   B. यौन सम्पर्क से
   C. दूषित जल से
   D. मच्छर द्वारा (B)

*व्याख्या :* गोनोरिया एक यौन संचारित रोग (STD) है, जो नाइसेरिया गोनोरिए नामक जीवाणु से होता है और यौन सम्पर्क द्वारा फैलता है।